भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 942

उत्तर देने की तारीख- 29/07/2024

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम

†942. श्री खलीलुर रहमानः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मुर्शिदाबाद परिसर में केवल तीन चयनित पाठ्यक्रम ही पढ़ाए जाते हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार और अधिक पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है ताकि और अधिक छात्रों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार स्थानीय छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) हाँ। वर्तमान में, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मुर्शिदाबाद परिसर में बीए एलएलबी, एमबीए और बीएड नामक तीन पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं।

(ख) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अधिनियम, 1920 के तहत स्थापित एक केंद्रीय स्वायत्त सांविधिक संस्था है, जो अपने स्वयं के अधिनियम, संविधि और अध्यादेशों द्वारा शासित होता है। विश्वविद्यालय में छात्रों और समाज की आवश्यकता, संसाधनों की उपलब्धता सहित अनेक कारकों के अपने मूल्यांकन के आधार पर नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं ।

(ग) स्थानीय छात्रों के लिए 10% सीटों पर आरक्षण प्रदान करने के लिए कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है।

*****